लोक सभा अध्यक्ष ने श्री मदन लाल खुराना के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर 2018 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने श्री मदन लाल खुराना के निधन पर शोक व्यक्त किया। अपने सन्देश में उन्होंने कहा : "श्री मदन लाल खुराना जी के निधन से शोकाकुल हूँ। मेरी संवेदनाएँ उनके परिजनों के साथ हैं। खुरानाजी को एक कुशल संगठनकर्ता, राजनेता, जननेता और समाज के लिए सक्रिय व्यक्तित्व के तौर पर हमेशा याद किया जाएगा। कार्यों एवं व्यक्तित्व ने उन्हें 'दिल्ली के शेर' के तौर पर नाम और पहचान दी। खुरानाजी को सादर श्रद्धांजलि। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।"